# तीन वर्षों में तीन लाख करोड़ पहुंचेगा प्रदेश का निर्यात : नन्द गोपाल गुप्ता

## सितंबर में नोएडा में आयोजित होगा मल्टी सेक्टोरल इंटरनेशनल ट्रेड शो

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ** : निर्यात के क्षेत्र में साल दर साल लंबी छलांग से उत्साहित उत्तर प्रदेश सरकार ने अगले तीन वर्षों में तीन लाख करोड़ रुपये के निर्यात का नया लक्ष्य तय किया है। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने सोमवार को योजना भवन सभागार में, विदेश व्यापार नीति और निर्यात प्रोत्साहन में इसकी भूमिका, विषय आयोजित कार्यशाला में नए निर्यात लक्ष्य को निर्यातकों से साझा किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का पांचवां सबसे बड़ा निर्यातक राज्य बन चुका है। पिछले पांच वर्षों में प्रदेश का निर्यात 88 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 1.75 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

मंत्री नन्दी ने कहा कि निर्यात किसी भी देश एवं प्रदेश की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ होता है, इसलिए सभी निर्यातकों की जिम्मेदारी है कि वे प्रदेश के विकास के लिए निर्यात बढ़ाएं और नए निर्यातकों को भी प्रोत्साहित करें।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि निर्यात को दोगुणा किए जाने की दिशा में एक और सशक्त कदम बढ़ाते हुए प्रदेश सरकार द्वारा ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के नाम से प्रतिवर्ष एक इंडस्ट्रियल ट्रेड शो शुरू किया जाएगा। इस वर्ष शो का आयोजन 21 से 25 सितंबर के मध्य प्रस्तावित है, जिसमें 400 से अधिक निर्यातक भाग लेंगे। एमएसएमई, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य, टेक्सटाइल, स्टार्ट-अप, जीआइ टैग, एग्रो, फूड प्रोसेसिंग एवं ओडीओपी जैसे अति महत्वपूर्ण क्षेत्र इस शो का हिस्सा होंगे।



औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नन्दी सोमवार को योजना भवन के सभागार में प्रदेश में निर्यात को बढ़ावा देने और निर्यातकों को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए • सूचना विभाग

**05** वर्षों में 88 हजार करोड़ से 1.75 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा निर्यात

कार्यशाला में फेडरेशन आफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशन (फियो) के अजय सहाय ने देश के निर्यात में प्रदेश की हिस्सेदारी को बढ़ाए जाने की रणनीति पर चर्चा की। सेंटर फार डब्ल्यूटीओ स्टडीज के प्रीतम बनर्जी फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स से प्रदेश को होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी।

डीजीएफटी कानपुर के अमित कुमार ने भी कार्यशाला में अपने विचार रखे। उत्तर प्रदेश निर्यात संवर्धन परिषद की पैनल कमेटियों के संयोजक भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कारपेट एवं दरी पैनल के संयोजक विनय कपूर द्वारा इस क्षेत्र विशेष में निर्यात की संभावनाओं को अवगत कराया। इस मौके पर हैंडीक्राफ्ट, मार्बल स्टोन एवं सिरेमिक्स के निर्यात परिदृश्य पर भी चर्चा की गई।

मंत्री नन्दी ने इस अवसर पर विपणन विकास सहायता योजना तथा गेटवेपोर्ट योजना तहत निर्यातक के बीच चेक का वितरण किया। एमएसएमई विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने निर्यातकों से आगे आने की अपील की।